## लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न - जनपद का क्या अर्थ क्या है।

उत्तर - छठी शताब्दी ई. पू. उत्तर भारत में राजतंत्रात्मक एवं गणतंत्रात्मक राजसंस्थाएँ थी उन्हें जनपद कहा जाता था।

प्रश्न - जनपद कितने थे।

उत्तर - जनपदों की संख्या सोलह है।

प्रश्न - अंग जनपद कहाँ स्थित था।

उत्तर → अंग जनपद बिहार के उत्तरी पूर्वी भाग में स्थित था।

प्रश्न - अंग जनपद की राजधानी कहाँ थी?

उत्तर - अंग जनपद की राजधानी चम्पा नगरी थी।

प्रश्न - मगध राज्य कहाँ स्थित था।

उत्तर - मगध राज्य दक्षिण बिहार में स्थित था।

प्रश्न - मगध की राजधानी कहाँ थी और कौन राजा था?

उत्तर — मगध की राजधानी राजगृह थी तथा बृहद्रथ वंश के राजा थे।

प्रश्न - काशी जनपद कहा था तथा इसकी राजधानी कहा थी और कौन राजा था।

उत्तर — काशी उत्तरप्रदेश के दक्षिणपूर्व में स्थित था इसकी राजधानी काशी थी राजा ब्रह्मदत्त थे।

प्रश्न - कोशल जनपद कहां था?

उत्तर — कोशल जनपद उत्तरप्रदेश मध्य के उत्तर की ओर स्थित था।

प्रश्न - वज्जि राज्य की स्थापना कब हुई?

उत्तर → कोशल और विदेह राज्य के अन्त होने के बाद वज्जि राज्य की स्थापना हुई।

March 2019

19 Tuesday

प्रश्न – सोलह जनपदों का नाम लिखें।

उत्तर – (1) अंग (2) मगध (3) काशी (4) वज्जि
(5) कोसल (6) मल्ल (7) चेदि (8) वत्स
(9) कुरु (10) पांचाल (11) मत्स्य (12) शूरसेन
(13) अस्सक (14) कम्बोज (15) अवन्ति
(16) गांधार ये सोलह जनपद हैं।

प्रश्न – चेदि जनपद की राजधानी कहाँ थी —

उत्तर – चेदि जनपद की राजधानी सुक्तिमती थी।

प्रश्न – गांधार राज्य कहाँ स्थित था और इसकी राजधानी?

उत्तर – गांधार राज्य आधुनिक कश्मीर और पश्चिमी

20 Wednesday

में स्थित था इसकी राजधानी तक्षशिला थी।

प्रश्न – अस्सक की राजधानी कहाँ थी —

उत्तर – अस्सक की राजधानी पोतन थी।

प्रश्न – मत्स्य की राजधानी कहाँ थी ?

उत्तर – मत्स्य की राजधानी विराटनगरी थी

प्रश्न – शूरसेन राज्य का राजधानी कहाँ थी —

उत्तर – शूरसेन राज्य की राजधानी मथुरा थी।